NSW Health

# तपेदिक (टीबी -TB) के लिए बैसिल कैल्मेट-गुएरिन (BCG) टीकाकरण

## रोगियों और परिवारों के लिए जानकारी

Bacille Calmette-Guérin (BCG) Vaccination for Tuberculosis (TB)
Information for patients and families

Hindi

## BCG के टीके के बारे में

तपेदिक (TB) के टीके को बैसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) टीका कहा जाता है। TB वह बीमारी है जो TB बैक्टीरिया से पैदा होती है और जो हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। फेफड़ों की TB सबसे आम प्रकार है हालांकि टीबी TB शरीर में कहीं भी हो सकता है और गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। TB को विशेष एंटीबायोटिक्स से ठीक किया जा सकता है। अधिक जानकारी health.nsw.gov.au/TB पर उपलब्ध है

BCG टीकाकरण वयस्कों की तुलना में शिशुओं और बच्चों में अधिक प्रभावी होता है। BCG टीकाकरण छोटे बच्चों में गंभीर प्रकार की TB (जैसे मस्तिष्क की TB) से 70% से अधिक सुरक्षा प्रदान करता है । BCG के टीके का इंजेक्शन ऊपरी बांह की त्वचा के ठीक नीचे लगाया जाता है।

BCG का टीका TB से सुरक्षा प्रदान करने में 3 महीने का समय ले सकता है। BCG का टीका आदर्श रूप से उस देश की यात्रा से 3 महीने पहले दिया जाना चाहिए जहां TB आम है। BCG टीकाकरण समय के साथ, आमतौर से 5 से 15 वर्षों के भीतर, अपनी प्रभावशीलता खो देता है।

### लाइव टीके

BCG एक लाइव टीका है। जिन लोगों को एक से अधिक लाइव टीके के इंजेक्शन की आवश्यकता है, उन्हें या तो:

- उनके सभी लाइव टीके एक ही दिन में लगवाने चाहिए, या
- BCG और अन्य लाइव इंजेक्शन वाले टीकों के बीच कम से कम 4 सप्ताह का समय देना चाहिए।

### TB के लक्षणों पर नजर रखें

क्योंकि BCG टीकाकरण TB के जोखिम को पूरी तरह से नहीं रोकता है, इसलिए कृपया TB के लक्षणों से अवगत रहें और यदि ये विकसित होते हैं तो चिकित्सा देखभाल लें। TB के लक्षणों में बुखार, तीन सप्ताह से अधिक समय तक रहने वाली खांसी, खांसी में खून आना, रात को पसीना आना, वजन का अचानक कम होना और थकान शामिल हैं।

## BCG का टीका किसे लगवाना चाहिए?

NSW में, BCG टीकाकरण की सिफारिश निम्न के लिए की जाती है:

- 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे जो 4 सप्ताह या उससे अधिक के लिए किसी ऐसे देश या देशों की यात्रा कर रहे हैं जहाँ जीवन के पहले 5 वर्षों के दौरान TB आम है
- 5 साल से कम आयु के वे बच्चे जिनको TB सेवाओं द्वारा ऑस्ट्रेलिया में TB के एक्सोपज़र के निरंतर खतरे में होना माना जाता है
- 5 साल से कम उम्र के वे बच्चे जो हैनसेन रोग (कुष्ठ रोग) से पीड़ित किसी व्यक्ति के साथ रहते हैं
- ऐसे देश में काम करने के लिए विदेश यात्रा करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी जहाँ BCG टीकाकरण की आवश्यकता होती है या इसकी जोरदार सिफारिश की जाती है।

उन देशों के बारे में जानकारी जहाँ TB सामान्य है, health.nsw.gov.au/TB-countries पर पाई जा सकती है

© NSW Ministry of Health. SHPN (CDB) 230057-6. August 2023

## टीकाकरण से पूर्व मूल्यांकन

BCG टीकाकरण से पहले एक ट्यूबरकुलिन त्वचा परीक्षण (Mantoux टेस्ट या TST) की आवश्यकता होती है यदि आप या आपकी संतान

- ऐसे देश में पैदा हुए थे जहां TB आम है
- किसी ऐसे देश या क्षेत्र में रह चुके हैं या इसकी यात्रा कर चुके हैं जहाँ TB होना आम बात है
- फेफड़े के TB वाले व्यक्ति के निकट संपर्क में रह चुके हों|

यदि आपका ट्यूबरकुलिन स्किन टेस्ट का परिणाम पॉज़िटिव आता है, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर है या आपको बुखार के साथ एक मौजूदा बीमारी है तो आपको BCG टीकाकरण की सलाह नहीं दी जाती है|

## BCG टीकाकरण से घाव

टीकाकरण के बाद जहाँ सुई लगी थी, वहाँ घाव होना सामान्य है| आम तौर पर घाव को लाल गांठ बनने में कुछ सप्ताह लगते हैं, फिर एक खुला घाव, और कुछ महीनों में एक छोटा सा सपाट निशान बनकर ठीक हो जाता है| यदि घाव 2 से 3 दिनों के भीतर बनता है तो इसे तीव्र या त्वरित प्रतिक्रिया माना जाता है, और उस क्लिनिक को कॉल करना महत्वपूर्ण है जहाँ टीकाकरण दिया गया था|

यदि टीकाकरण के 6 सप्ताह में आपको या आपकी संतान को BCG घाव नहीं होता है, तो उस क्लिनिक को कॉल करें जहाँ BCG का टीका लगाया गया था| कुछ लोग टीकाकरण के प्रति अधिक धीमी गति से प्रतिक्रिया कर सकते हैं| दुर्लभ मामलों में, हो सकता है कि व्यक्ति को टीके से कोई प्रतिक्रिया न हो, उसे BCG घाव न हो और उसका TB से संरक्षण न हो| यदि आपको टीके से प्रतिक्रिया नहीं होती है, तो दोबारा टीकाकरण करने का सुझाव नहीं दिया जाता है|

### BCG टीकाकरण के घाव की देखभाल कैसे करें -

- क्षेत्र को साफ और सूखा रखें
- नहाने या शावर लेने के बाद सावधानी से उस जगह को थपथपा कर सुखाएं
- जहाँ तक संभव हो, क्षेत्र को खुला रखें
- उसे प्लास्टिक की ड्रेसिंग या चिपकने वाले प्लास्टर जैसे 'बैंड-एड्स' से ढकें नहीं
- वहाँ क्रीम या मलहम का प्रयोग न करें|

अगर घाव से रिसाव होना शुरू हो जाता है तो आप इसे ढीले, जीवाणुरहित कपड़े (जैसे जाली) के एक टुकड़े से ढक सकते हैं जो किनारों पर नीचे की ओर टेप से बांधा जाता है लेकिन फिर भी हवा को अंदर आने देता है|

आप या आपकी संतान अपनी सभी सामान्य गतिविधियाँ जैसे स्नान, शावर, तैराकी और खेलकूद करना जारी रख सकते हैं| अधिक जानकारी health.nsw.gov.au/BCG-sore पर उपलब्ध है

## क्या BCG टीकाकरण के कोई दुष्प्रभाव हैं?

BCG टीकाकरण बहुत सुरक्षित है, और दुष्प्रभाव आम तौर पर हल्के होते हैं| कभी-कभी होने वाले दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- BCG टीकाकरण घाव में तेजी से या त्वरित विकास
- दर्दनाक, लाल और सूजे हुए BCG टीकाकरण घाव
- बगल या गर्दन की ग्रंथियों में सूजन
- इंजेक्शन स्थल की त्वचा पर बहुत ही दिखाई देने योग्य निशान, जिसे केलोइड निशान के रूप में जाना जाता है|

ऐसा बहुत दुर्लभ है, पर टीके से व्यापक BCG संक्रमण हो सकता है जिसका एंटीबायोटिक दवाओं के साथ इलाज किया जा सकता है|

यदि आपको कोई चिंता है या आप किसी दुष्प्रभाव का अनुभव करते हैं, तो कृपया उस क्लिनिक से संपर्क करें जहाँ आपको या आपके बच्चे को टीका लगाया गया था या काम के घंटों के बाद के अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें|

TB या अपने स्थानीय TB क्लिनिक के संपर्क विवरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.health.nsw.gov.au/Infectious/tuberculosis/ पर जाएँ

© NSW Ministry of Health. SHPN (CDB) 230057-6. August 2023